भारत की चैंपियन महिला शटलरों के लिये नया केंद्र

चर्चा में क्यों?

हरियाणा भारत के ओलंपियनों और ओलंपिक **पदक विजेताओं** में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। पेरिस 2024 में देश के लगभग **एक-चौथाई ओलंपियन राज्य से थे,** साथ ही पाँच व्यक्तिगत पदक विजेताओं में से चार राज्य से थे।

मुख्य बिंदु

- **बैडमिंटन का विकास:**
- हरियाणा में **विभिन्न खेलों में ज़मीनी स्तर पर भागीदारी बढ़ रही है,** जिसमें बैडमिंटन नवीनतम खेल है जिसने महत्त्वपूर्ण प्रगति प्राप्त की है।
- **उभरते बैडमिंटन सितारे:**
    - **लंदन ओलंपिक 2012 की** कांस्य पदक विजेता **साइना नेहवाल** हरियाणा से हैं, लेकिन उन्होंने हैदराबाद में प्रशिक्षण लिया है।
    - **अनमोल खरब, जिन्होंने मात्र 17 वर्ष की उम्र में भारत को 2024 में अपना पहला** बैडमिंटन एशिया खिताब प्राप्त करने में सहायता की और **उन्नति हुड्डा** जैसे खिलाड़ियों ने हरियाणा में अपने कौशल को निखारा है।
    - हरियाणा की महिला टीम ने अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन **चैंपियनशिप** स्वर्ण जीता, जिसमें देविका सिहाग ने महिला एकल खिताब जीता, जो अनमोल (2023) और अनुपमा उपाध्याय (2022) के बाद हैट्रिक है।
- **पारंपरिक खेलों से ध्यान भटकाना:**
    - रोहतक और सोनीपत जैसे क्षेत्र, जो पारंपरिक रूप से कबड्डी और कुश्ती के लिये जाने जाते हैं, वहाँ अब माता-पिता बैडमिंटन को प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि इसमें संपर्क रहित प्रकृति और शिक्षा के साथ इसकी अनुकूलता है।
    - **उत्तर भारत में बढ़ती रैंकिंग टूर्नामेंटों ने** स्थानीय खिलाड़ियों को **अधिक अवसर प्रदान किये** हैं।
- **भविष्य के लक्ष्य:**
    - **प्रशिक्षकों ने राष्ट्रीय स्तर की जीत को अंतर्राष्ट्रीय सफलता** में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया।
    - हरियाणा व्यावसायिक हितों की अपेक्षा प्रदर्शन को प्राथमिकता दे रहा है, तथा **उसका लक्ष्य बैडमिंटन में भी कुश्ती जैसा प्रभुत्व दोहराना है।**

//

ओलंपिक

प्राचीन इतिहास

- उत्पत्ति - ओलंपिया, ग्रीस (776 ईसा पूर्व)
- ग्रीक संस्कृति से संबंधित
- प्रतियोगिता - दौड़, कुश्ती और रथ दौड़
- समापन - 393 ई. में सम्राट थियोडोसियस प्रथम द्वारा

आधुनिक इतिहास

- पुनर्जीवित - 19वीं सदी के अंत में पियरे डी कुबर्टिन (IOC के संस्थापक सदस्य) द्वारा
- पहला आधुनिक ओलंपिक - एथेंस, ग्रीस (वर्ष 1896)

आगामी प्रतियोगिताएँ

- **शीतकालीन ओलंपिक 2026:** मिलान और कॉर्टिना डी'एम्पेज़ो, इटली
- **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028:** लॉस एंजेलिस, संयुक्त राज्य अमेरिका
- **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2032:** ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया
- भारत वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों की मेज़बानी करेगा

लोगो और मोटो/आदर्श वाक्य

- **लोगो:** श्वेत पृष्ठभूमि पर नीले, पीले, काले, हरे और लाल रंग के 5 इंटरलॉकिंग रिंग **(5 महाद्वीपों के सम्मिलन और विश्व एथलीटों का प्रतिनिधित्व करते हैं)**
- **आदर्श वाक्य:** सिटिअस, अल्टिअस और फोर्टिअस - कम्यूनिटर (अधिक तेज, उच्चतर, अधिक मज़बूत - एकजुट या साथ-साथ) ('कम्यूनिटर' को वर्ष 2021 में जोड़ा गया था)

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC)

- स्थापना - वर्ष 1894
- ओलंपिक खेलों का संरक्षक
- मुख्यालय - लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड

टोक्यो में होने वाली वर्ष 2020 की ओलंपिक प्रतियोगिता में 5 नए खेल शामिल किये गए: सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइम्बिंग, कराटे और बेसबॉल/सॉफ्टबॉल

पेरिस ओलंपिक 2024

पदक तालिका में भारत 71वें स्थान पर; टोक्यो वर्ष 2020 में 48वें स्थान पर पहुँचा)

भारतीय खिलाड़ी/टीम	पदक	प्रतियोगिता
नीरज चोपड़ा	रज़त	पुरुष भाला फेंक
मनु भाकर और सरबजोत सिंह	कांस्य	10 मीटर एयर पिस्तौल मिश्रित टीम स्पर्द्धा
स्वप्निल कुसाले	कांस्य	पुरुषों के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन
भारतीय हॉकी टीम	कांस्य	पुरुष हॉकी
मनु भाकर	कांस्य	महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्द्धा
अमन सहरावत	कांस्य	पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा कुश्ती स्पर्द्धा

भारतीय ओलंपिक संघ (IOA)

- स्थापना - **वर्ष 1927**
- ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों का चयन करता है

दृष्टि The Vision
Drishti IAS

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-hub-for-indias-champion-women-shooters